आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार


निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 36 लखनऊ, सोमवार 28 दिसम्बर से 06 जनवरी, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## विदेश से आए लोगों के लिए सीएम योगी ने जारी किए ये अहम निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रिटेन, फ्रांस व अन्य देशों से प्रदेश आने वालों का पता लगाकर उनका आरटीपीसीआर टेस्ट करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि उन्हें क्वारंटीन किया जाए। प्रदेश में कोविड–१६ से सम्बन्धित आरटीपीसीआर व रैपिड एन्टीजन टेस्ट पूरी क्षमता के साथ किए जाएं। कोरोना के नए स्वरूप के ष्टिगत टेस्टिंग के नए उपकरण मंगा लिए जाएं। मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर बैठक में अनलक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विदेशों से आए लोगों की सूची बनाकर उनकी टेस्टिंग सुनिश्चित कराई जाए। टेस्टिंग का परिणाम आने तक ऐसे व्यक्तियों को नियमानुसार होम आइसोलेशन में रखा जाए।



योगी आदित्यनाथ ने कोविड–१६ की रिकवरी दर को बढ़ाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिकवरी दर में वृद्धि के लिए कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस की व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोविड चिकित्सालयों में औषधियों, मेडिकल उपकरण तथा आक्सीजन का बैकअप सहित पर्याप्त उपलब्धता प्रत्येक दशा में बनी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। सभी जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिवार्य रूप से प्रतिदिन सुबह कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में बैठक कर कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए आगे की रणनीति तय करें। उन्होंने कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके दृष्टिगत टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विशेषज्ञ चिकित्सक कोविड वॉर्ड में नियमित राउण्ड लें, इससे मरीजों को बेहतर उपचार सुलभ होगा।

## जो सरकार प्रदेश में पंचायत चुनाव नहीं करा पा रही है, 'वह प्रदेश का क्या चलाएगी?' : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि जो सरकार प्रदेश में पंचायत चुनाव नहीं करा पा रही है, 'वह प्रदेश का क्या चलाएगी?' इसपर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन पर पलटवार किया। अखिलेश ने रविवार को ट्वीट किया, ' उप्र में भाजपा सरकार ने बिना नये चुनाव कराये 'ग्राम पंचायतें' भंग कर दी हैं। बड़े–बड़े चुनाव तो हो रहे हैं लेकिन लोकतंत्र में जन प्रतिनिधित्व की सबसे छोटी इकाई के चुनावों के लिए सरकार अपने को अक्षम बता रही है, ऐसी सरकार उत्त्तर प्रदेश क्या चलाएगी।' इस संदर्भ में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और पंचायत चुनाव के लिए प्रदेश प्रभारी बनाये गये विजय बहादुर पाठक ने 'भाषा' से कहा ' अखिलेश यादव मुख्यमंत्री रहे हैं और वह जानते हैं कि तय समय पर चुनाव होने चाहिए, लेकिन उन्हें यह भी जानना चाहिए कि कोविड प्रोटोकॉल के चलते चुनाव में देरी हो रही है।'



पाठक ने कहा, ' सरकार छह माह के भीतर चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है और उसकी तैयारी भी चल रही है। 'उन्होंने दावा किया, ' जो लोग लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाई की दुहाई दे रहे हैं, उन्होंने इस इकाई को अपने निज स्वार्थ के लिए कैसे रौंदा है, यह सभी जानते हैं। भाजपा की लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था है।' उल्लेखनीय है कि २५ दिसंबर को उत्तर प्रदेश के ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो गया। इससे पहले २३ दिसंबर को ही प्रदेश में पंचायती राज की निदेशक किंजल सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को परिपत्र जारी कर निर्देश दे दिया था कि २५ दिसंबर के बाद से ग्राम प्रधानों के खातों के संचालन पर रोक लगा दी जाए। इसके लिए सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को अपने विकास खंड के सभी ग्राम प्रधानों के खाता संचालन पर रोक लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। प्रदेश में इस समय करीब ५८ हजार ग्राम सभाओं में ग्राम प्रधानों के पद खाली हो गये हैं और पिछले शनिवार से गांवों के विकास की जिम्मेदारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को मिल गई है।

## 'मन की बात' में देशी चीजें खरीदने की मोदी की अपील

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से स्वदेशी अपनाने की अपील करते हुए कहा है कि वे नए साल में इसे अपना संकल्प बनाएं। प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल की अपनी पुरानी अपील को दोहराते हुए देश के लोगों से कहा कि वे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल होने वाले विदेशी वस्तुओं की बजाय भारतीय उत्पादों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि इसे नए साल के संकल्प के तौर पर लेना चाहिए। रेडियो पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम 'मन की बात' प्रधानमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत वोकल फर लोकल के मंत्र को देश की जनता ने हाथों हाथ लिया है। प्रधानमंत्री ने निर्माण और उद्योग जगत के लोगों से कहा कि वे विश्वस्तरीय उत्पाद का निर्माण सुनिश्चित कर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा– वोकल फर लोकल आज घर–घर में गूंज रहा है। ऐसे में अब यह सुनिश्चित करने का समय है कि हमारे उत्पाद विश्वस्तरीय हों। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग अब भारत में बने उत्पादों की मांग कर रहे हैं और यहां तक कि दुकानदार भी भारत में बने उत्पादों को बेचने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा– देशवासियों की सोच में कितना बड़ा परिवर्तन आ रहा है और वह भी एक साल के भीतर–भीतर। इस परिवर्तन को आंकना आसान नहीं है। अर्थशास्त्री भी इसे अपने पैमानों पर तौल नहीं सकते। मोदी ने कहा कि हर नए साल में देशवासी कोई न कोई



संकल्प लेते हैं और इस बार भारत में बने उत्पादों का इस्तेमाल करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा– मैं देशवासियों से आग्रह करूंगा कि दिन भर इस्तेमाल होने वाली चीजों की आप एक सूची बनाएं। उन सभी चीजों की विवेचना करें और यह देखें कि अनजाने में कौन सी विदेश में बनी चीजों ने हमारे जीवन में प्रवेश कर लिया है तथा एक प्रकार से हमें बंदी बना दिया है। मोदी ने कहा– भारत में बने इनके विकल्पों का पता करें और यह भी तय करें कि आगे से भारत में बने, भारत के लोगों के पसीने से बने उत्पादों का हम इस्तेमाल करें।

## गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों को पीएम मोदी ने किया याद

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के दौरान गुरु गोविंद जी के पुत्रों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान को याद किया। उन्होंने साहिबजादों के कम उम्र में साहस दिखाने की सराहना करते हुए कहा कि पुरानी सभ्यता और संस्कृति बचाने के लिए देश में बड़े–बड़े बलिदान दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के दौरान कहा, हमारे देश में आतताइयों से, अत्याचारियों से, देश की हजारों साल पुरानी संस्कृति, सभ्यता, हमारे रीति–रिवाज को बचाने के लिए, कितने बड़े बलिदान दिए गए हैं, आज उन्हें याद करने का भी दिन है। आज के ही दिन गुरु गोविंद जी के पुत्रों, साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह को दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था।



अत्याचारी चाहते थे कि साहिबजादे अपनी आस्था छोड़ दें, महान गुरु परंपरा की सीख छोड़ दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, लेकिन हमारे साहिबजादों ने इतनी कम उम्र में भी गजब का साहस दिखाया, इच्छाशक्ति दिखाई। दीवार में चुने जाते समय, पत्थर लगते रहे, दीवार ऊंची होती रही, मौत सामने मंडरा रही थी, लेकिन फिर भी वो टस से मस नहीं हुए।

# सम्पादकीय

## इंटरनेट कंपनी पर चीन सरकार ने शुरू की कार्रवाई

अमेरिका में इंटरनेट की बड़ी कंपनियों गूगल और फेसबुक पर शुरू हुई कार्रवाई के बाद अब चीन की सबसे बड़ी इंटरनेट कंपनी पर चीन सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। गूगल और फेसबुक यूरोप में भी निशाने पर हैं। इन तीनों जगहों पर कार्रवाई का आधार समान है। आरोप लगा है कि इन कंपनियों ने बाजार पर अपना एकाधिकार कायम करने का प्रयास किया है। चीन में ये कदम उठाया जाना खास अहम इसलिए है, क्योंकि वहां पहली बार किसी देशी कंपनी पर ऐसी कार्रवाई की जा रही है। विकसित पश्चिमी देशों में एंटीट्रस्ट यानी एकाधिकार रोकने की प्रक्रिया लंबी और सशक्त है। लेकिन चीन में पहली बार ऐसा कानून २००८ में बना। वहां अलीबाबा जैसी कंपनियों की हैसियत आइकन जैसी रही है। लेकिन अब बाजार की प्रतिस्पध्र्ाा सुरक्षित करने के लिए उस पर शुरू की गई कार्रवाई काबिल–ए–गौर है। इस पर दुनिया की निगाह रहेगी। चीन सरकार के बाजार विनियमन ने पिछले हफ्ते कहा कि उसने अलीबाबा के संदिग्ध एकाधिकार कार्य की जांच के आदेश दिए हैं। बाजार नियामक ने कहा कि वह अलीबाबा की "दो में से एक चुनो" की नीति पर नजर रख रहा था। असल में अलीबाबा अपने पार्टनरों के साथ ऐसा समझौता करता है, ताकि वे प्रतिद्वंदी प्लेटफर्म पर अपने उत्पाद नहीं बेच पाएं। यानी जो विक्रेता अलीबाबा के साथ व्यापार कर रहे हैं, वो किसी दूसरी कंपनी के साथ व्यापार नहीं कर सकते। नियामक ने कहा कि वह अलीबाबा की वित्तीय सेवा सहायक एंट समूह की निगरानी की प्रक्रिया भी शुरू करेगा। गौरतलब है कि पिछले महीने बीजिंग ने एंट समूह के ३७ अरब डॉलर के आईपीओ को खारिज कर दिया था। एंट समूह ने अब कहा है कि वह विनियामक विभाग के सभी नियामक आवश्यकताओं का सख्ती से पालन करेगा। चीनी नेताओं ने कुछ समय पहले कहा था कि वे अब एकाधिकार विरोधी कदम को तेज कर देंगे। वे विशेष रूप से अलीबाबा और अन्य प्रमुख इंटरनेट कंपनियों के बारे में चिंतित हैं, जो वित्त और स्वास्थ्य देखभाल के बाजार में विस्तार कर रही हैं। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के अखबार पीपुल्स डेली ने ताजा कार्रवाई को चीन के लिए इंटरनेट क्षेत्र में एकाधिकार–विरोधी निगरानी को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। साफ है कि जो हुआ है, वह सर्वोच्च राजनीतिक फैसले के तहत हो रहा है।

# सच की आवाज दबाना चाहती है भाजपा सरकार : अजय लल्लू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत प्रदेश सरकार पर 'सच की आवाज दबाने' और लोकतांत्रिक तरीके से चल रहे कांग्रेस के आंदोलन को रोकने का आरोप लगाया। लल्लू ने दावा किया कि कल ललितपुर में गिरफ्तारी के बाद मेरी रिहाई हुई,



लेकिन पुलिस मुझे मध्य प्रदेश के छतरपुर लेकर चली गई और जब मेरे लखनऊ न पहुंचने की बात ट्विटर पर ट्रेंड होने लगी तो आनन–फानन में मुझे लखनऊ ले आई। रात को मैं दो बजे अपने आवास पर पहुंचा। उन्होंने कहा कि मुझे आज झांसी जाना था, लेकिन मेरे घर के बाहर पुलिस का पहरा लगा दिया गया है और यह अलोकतांत्रिक सरकार दमन पर उतर गई है। हमारी आवाज दबाना चाहती है। प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि मैं ललितपुर से गायों की अस्थियां लेकर आया हूं और मैं अस्थि कलश चित्रकूट की मंदाकिनी नदी में विसर्जित करके रहूंगा। लल्लू ने दावा किया कि डालीबाग स्थित उनके घर के बाहर तीन ट्रक पीएसी लगाई गई है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर अपर पुलिस महानिदेशक (कानून–व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि (झांसी के) जिलाधिकारी का संदेश आया है कि लल्लू को झांसी नहीं आने दिया जाए, इसलिए शांति–व्यवस्था के मद्देनजर उनके घर के सामने पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशांत कुमार ने यह भी कहा कि संभव है कि सुरक्षा के लिहाज से प्रदेश अध्यक्ष को पुलिस छतरपुर ले गई हो, लेकिन उन्हें रात में क्षेत्राधिकारी और उपजिलाधिकारी लखनऊ छोड़कर वापस गये हैं। ललितपुर से चित्रकूट तक 'गाय बचाओ– किसान बचाओ' पदयात्रा निकाल रहे उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष लल्लू को शनिवार दोपहर ललितपुर पुलिस ने दैलवारा कस्बे के निकट अनेक कार्यकर्ताओं के साथ गिरफ्तार कर लिया था और शाम को इन सभी को रिहा कर दिया गया था। शनिवार देर रात कांग्रेस नेताओं ने यह आरोप लगाया कि पुलिस प्रदेश अध्यक्ष के स्थान (लोकेशन) के बारे में नहीं बता रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि झांसी से लखनऊ लाने में आखिर इतनी देरी क्यों हो रही है। लल्लू ने रविवार को कहा कि बढ़ते दबाव के कारण पुलिस उन्हें लखनऊ ले आई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि हम अगर गाय और किसान को बचाना चाहते हैं, शांतिपूर्वक यात्रा निकालना चाहते हैं तो सरकार को किस बात का डर है। लल्लू ने कहा कि हम गायों और किसानों को मरता नहीं देख सकते हैं। सरकार कोई एक दिन बताए जब हम उसकी नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज उठाने के लिए यात्रा निकाल सकें और प्रदर्शन कर सकें।

## चार लाख वाहनों में नहीं लगा फास्टैग

लखनऊ। राजधानी के आरटीओ कार्यालय में हर प्रकार के चार पहिया पंजीकृत वाहनों की संख्या ६ लाख के पार है। इनमें सवा लाख के करीब वाहन चलन में नहीं है। जबकि १.५ लाख फास्टैग वाहनों के रजिस्ट्रेशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई। इस संबंध में आरटीओ ने डीलरों को दिशा निर्देश को जारी कर दिया। जिसमें फास्टैक लगाकर ही नए वाहनों की डिलेवरी करने




व्यवसायिक वाहन है और तीन लाख से ऊपर निजी वाहनों का रजिस्ट्रेशन है। इनमें मात्र २५ फीसदी वाहनों में ही फास्टैग लगे है। बाकी वाहनों पर फास्टैग लगवाने के लिए परिवहन विभाग और एनएएचआई के बीच बैठक में चार पहिया वाहन मालिकों को जागरुक करने की बात हुई। एक जनवरी से टोल प्लाजा से गुजरने वाले चार पहिया वाहनों पर फास्टैग जरुरी है। ऐसे में बिना के आदेश दिए गए है। आरटीओ प्रशासन रामफेर द्विवेदी बताते है कि हर चार पहिया वाहनों में चाहे यात्री वाहन हो, निजी वाहन हो या माल वाहन। सभी नए वाहनों में फास्टैग अनिवार्य होगा। साथ ही चेकिंग दल वाहन चालकों को फास्टैग लगवाने के लिए चेतावनी भी देंगे। वहीं वाहन मालिकों की सुविधा के लिए आरटीओ कार्यालय में जानकारी और जागरुकता के लिए पोस्टर व बैनर लगाए जाएगे।

## नये एआरटीओ ने कार्यभार किया ग्रहण

लखनऊ। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अखिलेश कुमार द्विवेदी ने शनिवार को जिले के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ अफिस में कार्यभार संभाला। एआरटीओ ने कार्यालय में चार्ज लेने के पश्चात कार्यालय में स्थित विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण भी किया और विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों से मुलाकात की। नवागत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताएं ही उनकी प्राथमिकताएं हैं। इसमें किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीड़ितों को न्याय मिले और किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। काम में शिथिलता बरतने वाले कर्मचारियों की खैर नहीं है। भ्रष्टाचार पर रोक लगे और फरियादियों की समस्याए सुनी जाए। इस पर उनका विशेष जोर होगा। जन प्रतिनिधियों को सम्मान देने के साथ मीडिया की तरफ से मिलने वाले सुझावों पर विशेष जोर देंगे। पीड़ितों और सरकारी कार्य के लिए हर वक्त उनका दरवाजा खुला रहेगा। मातहतों के सहयोग से विभागीय समस्याओं को दूर करने की कोशिश करेंगे। सारथी भवन लाइसेंस अनुभाग में अभी और सुधार की आवश्यकता बताई है। कोविड–१६ के प्रोटोकॉल का अनुपालन होगा। साफ सफाई पर जोर दिया जायेगा।

## वाहनों पर जाति सूचक शब्द लिखे होने पर रविवार को पहला चालान काटा गया

लखनऊ। वाहनों पर जाति सूचक शब्द लिखे होने पर रविवार को पहला चालान काटा गया। दरअसल, उत्तर प्रदेश में कार, बाइक, ट्रक, ट्रेक्टर और ई–रिक्शा पर जाति सूचक शब्द लिखे होने पर महाराष्ट्र के शिक्षक हर्षल प्रभु ने उत्तर प्रदेश में दौड़ते जातिवादी वाहनों को खतरा बताते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत की थी। जहां इसे सामाजिक खतरा बताया गया था। शिकायत का संज्ञान लेते हुए पीएमओ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। जिसका संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश के अपर परिवहन आयुक्त ने धारा १७७ के



तहत कार्यवाही करने के आदेश दिए। साथ ही थाना नाका हिन्डोला अंतर्गत दुर्गापुरी चेक पोस्ट पर वाहनों की चेकिंग कर रहे सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार व अशोक ने कार पर लिखे जाति सूचक शब्द का पहला चालान काटा। वहीं, चालक को आगे के लिए सख्त हिदायत दी। बता दें कि राज्य में वाहनों पर राजपूत, ब्राह्मण, यादव, जाट, क्षत्रिय समेत तमाम जाति सूचक शब्द लिखवा दिए जाते है। जहां से जातिवाद को बढ़ावा मिलता है। वहीं, अब वाहनों पर जाति सूचक शब्द होने पर धारा १७७ में चालान या सीज करने की कार्रवाई की जाएगी

# सिरफिरे के सिर से उतारा इश्क का भूत

मेरठ। कंकरखेड़ा थाने में दारोगा के सामने महिला ने मनचले के गाल पर कई चांटे रसीद कर दिए। दारोगा ने मनचले से महिला के पैर पकड़वाकर गलती मनवाई। इसपर महिला ने कार्रवाई से इंकार कर दिया। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र निवासी करीब ४५ वर्षीय व्यक्ति ने एक महिला के मोबाइल पर कॉल की थी। महिला ने उसको पहचानने से इंकार कर दिया था। आरोप है कि इसके बावजूद मनचले ने मोबाइल पर कॉल करने के साथ अश्लील मैसेज भेजे। महिला ने बेटी को प्रकरण बताया। महिला ने आरोपित मनचले को मिलने के लिए बुला लिया। रविवार को कंकरखेड़ा की खिर्वा रोड पर मनचला पहुंच गया। महिला ने मनचले को पकड़ लिया। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को थाने ले गई। आरोपित ने अपने परिचित को भी बुला लिया। परिचित ने पुलिस को बताया कि आरोपित के परिवार में कोई नहीं है। दस सालों से वही उसके खाने और रहने का प्रबंध कर रहे हैं। पत्नी के छोड़ जाने के बाद वह मानसिक रूप से परेशान भी है। इस दौरान दारोगा आशीष रस्तोगी के सामने महिला कुर्सी से खड़ी हुई और मनचले को दनादन कई थप्पड़ रसीद कर दिए। दारोगा का कहना है कि उनके सामने कोई झगड़ा नहीं हुआ। आरोपित मानसिक रूप से बीमार था। उसने माफी मांगी और महिला ने कार्रवाई से इंकार कर दिया।

# एयरपोर्ट पर अवैध असलहा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार


लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को लखनऊ से मुंबई जाने वाले यात्री के बैग में एक देशी कट्टा व दो कारतूस बरामद हुए। इसके बाद एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। सुरक्षाकर्मियों ने कट्टा बरामद होने की बात सीआईएसएफ कर्मियों को बताई। जिसके बाद सीआईएसएफ कर्मियों ने यात्री को पकड़कर सरोजिनी नगर पुलिस के हवाले किया। वहीं, पकड़ा गया यात्री दिव्यांश तिवारी पीजीआई थानाक्षेत्र के अंसल के भागीरथी अपार्टमेंट में किराए पर रहता है। सरोजिनी नगर थाने की पुलिस



भी आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजींत करने की कार्रवाई कर रही है। जबकि इस घटना को लेकर यात्री का कहना है कि उसे मालूम नहीं कि उसके बैग में अवैध असलहा कहां से आया है।

# जनसेवा ही भारतीय जनता पार्टी का राजनीतिक ध्येय - स्वतंत्र देव सिंह

लखनऊ। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जनसेवा ही भारतीय जनता पार्टी की राजनीति का ध्येय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात से प्रत्येक कार्यकर्ता को देश, समाज व संस्ंति के प्रति दायित्व निर्वहन की प्रेरणा मिलती है। रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर तीन दिवसीय श्रद्धांजलि पर्व के समापन पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तरक्की के नित नए आयाम छू रहा है। बूथ संख्या २५० सरसवां, अर्जुनगंज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के बाद यूपी बीजेपी के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कार्यकर्ताओं से सेवा कार्यों को जारी रखने का आह्वान किया। प्रदेश भर में बूथ पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनने के लिए क्षेत्र, जिला, मंडल, सेक्टर तथा बूथ के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ ही वरिष्ठ नेता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।स्वतंत्र देव सिंह ने



कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तरक्की के नित नए आयाम छू रहा है। मन की बात प्रत्येक नागरिक के लिए देश को सजाने व संवारने की ताकत देती है। भाजपा ने राजनीति के तरीकों में बदलाव किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने गरीबों को ठंड से बचने के लिए कम्बल भी वितरित किये।प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मन की बात कार्यक्रम प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने बताया कि सभी जिलों में बूथों पर बड़ी संख्या में आमजन ने भी सहभागिता की। केंद्रीय मंत्री ड. महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने चंदौली में, योगी सरकार के मंत्री ब्रजेश पाठक, रिवर फ्रंट पर प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक, प्रदेश मंत्री संजय राय व सुभाष यदुवंश, गोमतीनगर में, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता, सलिल विश्नोई, ब्रज बहादुर, सतीश महाना, नीलिमा कटियार, मुकुट बिहारी वर्मा, जयप्रकाश निषाद व श्रीराम चौहान आदि ने भी अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी।

# छेड़छाड़ के विरोध पर युवक पर हमला

मेरठ। छेड़छाड़ के विरोध पर युवक पर हमला मवाना निवासी महिला से एक युवक ने छेड़छाड़ की। महिला के पति ने विरोध किया तो आरोपित ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। रविवार दोपहर घायल अवस्था में थाने पहुंचे युवक ने बताया कि मोहल्ला का ही युवक उसकी पत्नी के साथ आए दिन घर में आकर छेड़छाड़ करता है। उसे कई बार घर आने से मना किया लेकिन वह नहीं माना। आरोप है कि रविवार दोपहर आरोपित घर में घुस आया और गाली–गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तो उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने तहरीर दी है। वहीं इंस्पेक्टर तपेश्वर सागर का कहना है कि प्रकरण जानकारी में नहीं है। दारोगा से पूछताछ की जाएगी।

## कोई और विकल्प नहीं तो पिग जिलेटिन से बनी वैक्सीन जायज - मौलाना रशीद फिरंगी

लखनऊ। दुनिया भर के इस्लामिक धर्मगुरुओं के बीच इस बात को लेकर असमंजस है कि सुअर के मांस (पिग जिलेटिन) का इस्तेमाल कर बनाए गए कोविड–१६ के टीके इस्लामिक कानून के तहत जायज हैं या नहीं? लेकिन इस बीच इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया **(ICI)** के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली एक सवाल के जवाब में फतवा जारी करते हुए वैक्सीन के इस्तेमाल को मंजूरी दी है। मौलाना राशिद ने



कहा कि यदि वैक्सीन में सुअर का गोश्त या चर्बी का इस्तेमाल हो रहा है तब भी लोगों की जान बचाने के लिए इसका टीका लगवाना इस्लाम में जायज है।बता दें कि अरब देशों **(UAE)** के शीर्ष इस्लामी निकाय 'फतवा काउंसिलश ने पिग जिलेटिन से बनी कोरोना की वैक्सीन के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। लेकिन यहां भारत खास कर उत्तर प्रदेश के मुसलमानों में पिग जिलेटिन से बनी कोरोना वैक्सीन को लेकर ऊहापोह की स्थिति है। इसी संबंध में दरगाह हजरत शाहमीना शाह के सज्जादानशीं व मुतवल्ली शेख राशिद अली मीनाई ने इस्लामिक सेन्टर आफ इंडिया अध्यक्ष से सवाल पूछा था कि पिग जिलेटीन से बनी वैक्सीन हलाल है या नहीं। यह पता चला है कि चीन ने जो वैक्सीन बनाई है उसमें सुअर की जिलेटीन का इस्तेमाल किया गया है। ऐसे में जो भी वैक्सीन भारत आएगी उसे मुसलमान लगवा सकते हैं या नही? मौलाना फिरंगी महली ने बताया कि इस्लाम जान बचाने को पहली प्राथमिकता देता है। मनुष्य का जीवन अनमोल है। अगर कोई और विकल्प नहीं है तो कोरोना वायरस के टीके को इस्लामी पाबंदियों से अलग रखा जा सकता है। मौलाना ने कहा कि दवा में सुअर जिलेटीन का इस्तेमाल होता है। इस मामले में पोर्क जिलेटीन को दवा के रूप में इस्तेमाल किया जाना है न कि भोजन के तौर पर। ऐसे में दुनिया भर के मुसलमान इस वैक्सीन को लगवा सकते हैं।

# राममंदिर जाने के लिए मिलेंगी चौड़ी सड़कें–मल्टीलेवल पार्किंग

लखनऊ। श्रीराम के दर्शन के लिए विभिन्न दिशाओं से अयोध्या पहुंचने वाले दर्शनार्थियों को जल्द ही न सिर्फ सड़कों का प्रभावी और निर्बाध नेटवर्क मिलेगा, बल्कि रास्तों के दोनों ओर पेयजल व शौचालय जैसी जनसुविधाएं भी मिलेंगी। रामनगरी में अपने वाहन से आने वालों के लिए कई जगह मल्टीलेवल पार्किंग होगी, जबकि बसों की पार्किंग के लिए बड़े बस स्टैंड भी बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या तक पहुंचने की सुगम व्यवस्था बनाने के लिए सड़कें चौड़ी करने और दर्शनार्थियों के लिए शहर के अंदर इलेक्ट्रिक कार्ट चलाने का निर्देश दिया है। योगी ने कहा कि अयोध्या नगरी का विकास इस प्रकार से किया जाए, जिससे यहां आने वालों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल सकें। अयोध्या धाम के समेकित पर्यटन विकास को लेकर शनिवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री के समक्ष हुए प्रस्तुतिकरण के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मनगरी के महत्व को ध्यान में रखकर केंद्र व राज्य सरकार अयोध्या को उसके प्राचीन गौरव के अनुरूप प्रतिष्ठित करने के लिए तसंकल्पित है। इसे देखते हुए अयोध्या में व्यापक स्तर पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या धाम विश्व के मानचित्र में बहुत महत्वपूर्ण स्थल है। यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। प्रत्येक स्तर पर रोजगार के अवसर भी हैं। यहां प्रशिक्षित गाइड की व्यवस्था भी होनी चाहिए। उन्होंने भरत कुंड, सूर्य कुंड और नंदी ग्राम का तेजी से विकास कराने के साथ ही अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने पर भी जोर दिया। धार्मिक नगरी अयोध या योगी सरकार की प्राथमिकता



में है। यहां कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं को हर सुविध ा मिलनी चाहिए। यहां पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए योगी ने तेजी से काम कराने को कहा है। योजना का ब्योरा पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने रखा। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री डॉ. महेंद्र ङ्क्षसह, पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नीलकंठ तिवारी, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद और पर्यटन महानिदेशक एनजी रवि कुमार भी उपस्थित थे।

# कानूनों को भगाने के लिए ताली-थाली!


नई दिल्ली। केंद्र सरकार के बनाए तीन कृषि कानूनों को खत्म कराने के लिए ३३ दिन से आंदोलन कर रहे किसानों ने रविवार को ताली और थाली बजा कर इन कानूनों का विरोध किया। महीने के आखिरी रविवार को जिस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेडियो पर ‘मन की बात’ कर रहे थे, उस समय किसानों ने ताली और थाली बजाई। किसानों ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री उनके मन की बात कब सुनेंगे। किसानों ने कई दिन पहले ही ऐलान किया था कि वे प्रधानमंत्री के रेडियो पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम का इस तरह से विरोध करेंगे। बाद में किसान आंदोलन से जुड़े नेता और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री ने कहा था कि थाली बजाने से कोरोना भागेगा, उसी तरह किसान भी थाली बजा रहें हैं ताकि कृषि कानूनों को भगाया जाए। उन्होंने कहा कि यह सरकार के लिए संकेत है कि वह जल्दी सुधर जाए। टिकैत ने आगे कहा- हम २६ दिसंबर को सरकार के साथ मुलाकात करेंगे। नया साल सबके लिए शुभ हो और अगर मोदी जी भी कानून वापस ले लें, तो हम किसान भाइयों के लिए भी नया साल शुभ हो जाएगा। गौरतलब है कि किसान संगठनों ने शनिवार को केंद्र सरकार को एक चिट्ठी भेजी, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे केंद्र के साथ वार्ता के लिए २६ दिसंबर,



मंगलवार को सुबह ११ बजे मिलने के लिए तैयार हैं। लेकिन साथ ही किसानों ने चिट्ठी में वार्ता का एजेंडा भी लिख भेजा है, जिसमें तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की कानूनी गारंटी की प्रक्रिया तय करने का मुद्दा शामिल है। किसानों के चिट्ठी भेजने के २४ घंटे बाद तक सरकार की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी। इससे पहले सरकार कहती रही थी कि किसान वार्ता की तारीख और समय तय करके बताएं। बहरहाल, दिल्ली और आसपास के इलाकों में कड़ाके की ठंड के बावजूद किसान ३३ दिन से आंदोलन कर रहे हैं और सीमा पर डटे हैं। आंदोलन में शामिल क्रांतिकारी किसान यूनियन के अध्यक्ष दर्शन पाल ने बताया कि पंजाब और हरियाणा में टोल स्थायी तौर पर खुले रहेंगे और ३० दिसंबर को सिंघु बॉर्डर से ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा उन्होंने दिल्ली के लोगों से अपील भी की है कि वे किसानों के साथ मिल कर नया साल मनाएं। केंद्र सरकार के बनाए तीन कृषि कानूनों के विरोध में चल रहे किसानों के आंदोलन से जुड़े तीसरे व्यक्ति ने खुदकुशी कर ली है। पंजाब के एक वकील ने रविवार को दिल्ली के टिकरी बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन वाली जगह से कुछ दूरी पर जहर खाकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी करने वाली किसान अमरजीत सिंह वकील भी थे। उन्होंने एक सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें लिखा है कि केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ और किसानों के आंदोलन के समर्थन में जान दे रहे हैं। किसान आंदोलन के दौरान खुदकुशी का यह तीसरा मामला है। इससे पहले १६ दिसंबर को करनाल जिले के सिंघड़ा के रहने वाले ६५ साल के संत बाबा राम सिंह ने गोली मार कर खुदकुशी कर ली था। दूसरा मामला बठिंडा का है। बठिंडा के रामपुरा फूल में गुरलाभ सिंह ने २० दिसंबर को जहर खा लिया था। उनके घरवालों ने बताया था कि टिकरी बॉर्डर पर धरने से लौटने के बाद दो दिन से परेशान था। उसके आखिरी बोल थे- पता नहीं क्या होगा करोड़ों किसानों का। बहरहाल, पुलिस के मुताबिक, वकील अमरजीत सिंह पंजाब के फाजिल्का जिले के जलालाबाद के रहने वाले थे। वे खेती भी करते थे। सुसाइड नोट में अमरजीत ने लिखा है कि वे केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ और किसानों के आंदोलन के समर्थन में अपनी जान दे रहा है, ताकि सरकार लोगों की आवाज सुनने के लिए मजबूर हो। उन्होंने लिखा कि इन काले कानूनों के कारण किसान ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। पुलिस का दावा है सुसाइड नोट पर १८ दिसंबर की तारीख लिखी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अमरजीत के घरवालों को खबर दे दी गई है। सुसाइड से पहले अमरजीत सिंह ने प्रधानमंत्री के नाम एक चिट्ठी छोड़ी है। इसका कुछ हिस्सा टाइप किया और कुछ हिस्सा पेन से लिखा गया है। फिलहाल पुलिस पहले से टाइप करके लाए गए इस पत्र की जांच कर रही है। खत में लिखा है कि प्रधानमंत्री कुछ लोगों के ही बन कर रह गए। तीनों कृषि बिल किसान, मजदूर और आम आदमी का जीवन तबाह कर देंगे। किसानों, मजदूर और आम आदमी की रोजी-रोटी मत छीनो। गौरतलब है कि अब तक इस आंदोलन में करीब किसानों की किसी न किसी कारण मौत हो चुकी है।

# आठ करोड़ आठ लाख संक्रमित

नई दिल्ली। दुनिया के कई देशों में कोरोना वायरस का नया स्ट्रेन मिलने की चिंताजनक खबरों के बीच दुनिया में कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या में आठ करोड़ आठ लाख पहुंच गई है। भारतीय समय के मुताबिक रविवार को रात नौ बजे तक पिछले २४ घंटे में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा एक बार फिर पांच लाख से ऊपर चला गया। रविवार को पांच लाख ३६ हजार के करीब नए केसेज आए, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या आठ करोड़ आठ लाख ३६ हजार से ज्यादा हो गया। रविवार को रात नौ बजे तक पिछले २४ घंटे में आठ हजार लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या १७ लाख ६७ हजार से ज्यादा हो गई। दुनिया में सबसे ज्यादा संक्रमित देश अमेरिका में संक्रमितों की संख्या एक बार फिर दो लाख से ऊपर पहुंच गई। भारतीय समय के मुताबिक रविवार को रात नौ बजे तक पिछले २४ घंटे में दो लाख २७ हजार के करीब संक्रमित मिले, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर एक करोड़ ६४ लाख ४० हजार से ज्यादा हो गई। अमेरिका में रविवार को रात नौ बजे तक १,७१८ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या तीन लाख ४० हजार ११ हो गई। दुनिया में दूसरे सबसे ज्यादा संक्रमित देश ब्राजील में रविवार को लगातार दूसरे दिन संक्रमितों की संख्या में बड़ी कमी आई। भारतीय समय के मुताबिक रविवार को रात नौ बजे तक ब्राजील में १७ हजार के करीब नए केसेज आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर ७४ लाख ६५ हजार से ज्यादा हो गई थी। ब्राजील में रविवार को रात नौ बजे तीन सौ लोगों के मरने वालों की खबर आई, जिसके बाद मरने वालों संख्या एक लाख ६० हजार ८१५ हो गई थी। दुनिया में चौथे सबसे ज्यादा संक्रमित देश रूस में संक्रमितों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। रविवार को संक्रमितों की संख्या लगातार दूसरे दिन २८ हजार से ऊपर रही। रविवार को रूस में २८,२८४ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या ३० लाख ५० हजार से ऊपर पहुंच गई। रूस में मरने वालों की संख्या ५४,७७८ हो गई है। संक्रमितों के आंकड़े वर्ल्डमीटर्स की वेबसाइट की सूचना पर आधारित हैं। देश में कोरोना वायरस के संक्रमण की रफ्तार तो कम हो ही रही है साथ ही संक्रमण से मरने वालों की संख्या में भी लगातार कमी आ रही है। रविवार को लगातार तीसरे दिन पूरे देश में मरने वालों की संख्या तीन सौ से कम रही। नौ जून के बाद पहली बार दिसंबर के आखिरी हफ्ते में मौतों का आंकड़ा तीन सौ के नीचे रहे। रविवार को देर रात तक देश में २४८ मौतों की खबर थी। हालांकि कुछ राज्यों के आंकड़े आने बाकी थी, जिनके अपडेट होने पर यह संख्या बढ़ेगी फिर भी कुल संख्या पौने तीन से नीचे रहेगी। २४८ मौतों के आंकड़ों में सबसे अधिक प्रभावित सभी राज्यों के आंकड़े शामिल हैं। अच्छी बात यह है कि रविवार को भी संक्रमितों की संख्या



२० हजार के आसपास ही रही, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या एक करोड़ दो लाख आठ हजार के करीब पहुंच गई। देश में अब एक्टिव केसेज की संख्या कम होकर पौने दो लाख से नीचे हो गई है, जबकि मरने वालों की संख्या एक लाख ४८ हजार के करीब है। भारत में कोरोना संक्रमण से मरने की दर १.४ फीसदी के करीब है, जो दुनिया के सबसे अधिक संक्रमित पांच देशों में सबसे कम है। बहरहाल, देश में सबसे ज्यादा संक्रमित महाराष्ट्र में रविवार को ३,३१४ नए केसेज आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर १६ लाख १६ हजार ५५० हो गई। महाराष्ट्र में रविवार को ६६ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या ४६,२४६ हो गई। राज्य में एक्टिव केसेज की संख्या ५६,२१४ है। संक्रमितों की रोजाना की संख्या के लिहाज से केरल सबसे ऊपर है और एक दिन की कमी के बाद रविवार को वहां संक्रमितों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। राज्य राज्य में ४,६०५ नए मामले आए, जिसके बाद केरल में संक्रमितों की संख्या सात लाख ४० हजार ५१७ हो गई। राज्य में २५ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या २,६७७ हो गई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को भी संक्रमितों की संख्या नियंत्रण में रही। में गिरावट दिल्ली में रविवार को ७५७ नए केसेज आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या छह लाख २२ हजार ८५१ पहुंच गई। रविवार को दिल्ली में १६ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या १०,४५३ हो गई। दिल्ली में शनिवार को एक्टिव केसेज की संख्या ६,७१३ रह गई। ये आंकड़े कोविड१९इंडिया डॉट ओआरजी के आंकड़ों पर आधारित हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक रविवार की देर शाम तक कुल संक्रमितों की संख्या एक करोड़ एक लाख ८७ हजार ८५० थी, जिसमें से एक लाख ४७ हजार ६२२ लोगों की मौत हो चुकी है।

# रोडवेज मुख्यालय ने जीती बैडमिंटन प्रतियोगिता

लखनऊ। रोडवेज मुख्यालय और लखनऊ क्षेत्र के बीच गोमती नगर के विनय खंड स्थित मिनी स्टेडियम में रविवार को मैत्री बैटमिंटन प्रतियोगिता हुई। पांच मैचों की श्रंखला में परिवहन निगम मुख्यालय ने लखनऊ क्षेत्र को चार-एक से मात दी। चार मैचों में जीत दर्ज करते हुये मुख्यालय की टीम ने एक दूसरे खिलाड़ियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि रहे मुख्य प्रधान प्रबंधक (प्रशासन) एसके दुबे ने खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटा। इस बीच मुख्य प्रधान प्रबंधक (संचालन) पीआर बेलवारियर, मुख्य प्रधान प्रबंधक (प्राविधिक) जयदीप वर्मा, प्रधान प्रबंधक राजीव



चौहान, अधिशासी अभियंता मो इरफान एवं स्टाफ अफिसर आशुतोष गोड़ ने प्रशासन एके दुबे को शाल भेंटकर सम्मानित किया।

# किसानों ने तय की तारीख!

नई दिल्ली। केंद्र सरकार बार बार चिट्ठी भेज कर कह रही थी कि वह वार्ता के लिए तैयार है और केंद्रीय ृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसान संगठन तारीख और समय तय करें तो शनिवार को किसान संगठनों ने तारीख और समय तय कर दिया। केंद्र सरकार को लिखी चिट्ठी में किसानों ने कहा कि वे सरकार के साथ २६ दिसंबर को सुबह ११ बजे बातचीत के लिए राजी हैं। बातचीत की तारीख और समय तय करने के साथ ही किसान संगठनों ने वार्ता का एजेंडा भी सरकार को भेज दिया। शनिवार को किसान आंदोलन के ३१ दिन पूरे हो गए। किसान संगठनों ने अपने एजेंडे में चार बिंदु शामिल किए हैं। सबसे पहला एजेंडा यह है कि केंद्र सरकार के बनाए तीनों कानूनों को रद्द करने की क्रियाविधि यानी तरीके पर चर्चा हो। किसान इस एजेंडे में यह नहीं कह रहे हैं कि केंद्रीय कानूनों को रद्द करने के बारे में चर्चा हो। उनका कहना है कि कानून तो रद्द होगा कि वार्ता इस पर हो कैसे रद्द होगा। तभी किसान संगठनों को भी इस बात का अंदेशा है कि सरकार इस एजेंडे को स्वीकार करेगी। आंदोलन कर रहे ४० किसान संगठनों की ओर से संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्रीय कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव विवेक अग्रवाल को चिट्ठी लिखी है, जिसमें किसानों का दूसरा एजेंडा न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी पर खरीद की कानूनी गारंटी की प्रक्रिया तय करने की है। इसमें लिखा है– सभी किसानों और ृषि वस्तुओं के लिए राष्ट्रीय किसान आयोग द्वारा सुझाए लाभदायक एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की प्रक्रिया और प्रावधान। सरकार के लिए इस एजेंडे को भी स्वीकार करना आसान नहीं होगा। इसके अलावा दो और एजेंडे पराली जलाने को लेकर किसानों पर लगाए जाने वाले जुर्माने के नियम को बदलने और प्रस्तावित बिजली कानून के मसौदे में बदलाव से जुड़े हैं। बातचीत की तारीख व समय तय करने और अपना एजेंडा सरकार को बताने वाली इस चिट्ठी में किसान संगठनों ने सरकार की मंशा पर भी सवाल उठाए हैं। इस चिट्ठी में सरकार के लिए लिखा गया है– आप अपनी चिट्ठी में लिखते हैं कि आप किसानों की बात को आदरपूर्वक सुनना चाहते हैं। अगर आप सचमुच ऐसा चाहते है तो सबसे पहले वार्ता में हमने क्या मुद्दे कैसे उठाए हैं, इसके बारे में गलतबयानी ना करें और पूरे सरकारी तंत्र का इस्तेमाल कर



किसानों के खिलाफ दुष्प्रचार बंद करें। गौरतलब है कि सरकार ने गुरुवार को किसानों को तीसरी बार चिट्ठी लिख कर बातचीत के लिए दिन और समय तय करने की अपील की थी। चिट्ठी में कहा गया था कि किसानों के मुद्दों को हल करने के लिए सरकार गंभीर है। सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि एमएसएपी से जुड़ी कोई भी नई मांग, जो नए कृषि कानूनों के दायरे से बाहर है, उसे बातचीत में शामिल करना तर्कसंगत नहीं होगा। केंद्र सरकार की ओर से बार–बार वार्ता की तारीख और समय तय करने के लिए लिखी जा रही चिट्ठी के जवाब में किसानों ने बातचीत के लिए भले २६ दिसंबर की तारीख तय कर दी है पर उन्होंने अपना आंदोलन नहीं छोड़ा है। किसान संगठनों ने कहा है कि उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने २६ दिसंबर से आगे की भी योजना का खुलासा किया है। क्रांतिकारी किसान यूनियन के अध्यक्ष दर्शन पाल ने बताया है कि पंजाब और हरियाणा में टोल स्थायी तौर पर खुले रहेंगे और ३० दिसंबर को सिंघु बर्डर से ट्रैक्टर मार्च निकलेगा। उन्होंने नए साल को लेकर कहा– हम दिल्ली समेत पूरे देश के लोगों से अपील करते हैं कि यहां आकर हमारे साथ नया साल मनाएं। इस बीच भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट ने भी शनिवार से दिल्ली के चिल्ला बॉर्डर पर धरना देना शुरू कर दिया है। चौधरी हरपाल सिंह ने कहा कि सरकार से कृषि कानून वापस करा कर ही वापस जाएंगे। उधर हरियाणा में किसान आंदोलन के चलते खेड़ा बॉर्डर पर दिल्ली–जयपुर हाईवे ४८ घंटे से पूरी तरह बंद है। इसके चलते दिल्ली–जयपुर हाईवे पर गुरुग्राम की ओर से आने वाली गाड़ियों को आकेड़ा–भिवाड़ी–तिजारा–अलवर की तरफ मोड़ा जा रहा है। इस बीच दिल्ली पुलिस कमिश्नर एसएन श्रीवास्तव ने शनिवार को सिंघु बॉर्डर पहुंच कर किसानों से मुलाकात की। वहां के कानून व्यवस्था का जायजा लिया।

## धनकड़ से मिले गांगुली, अटकलें तेज

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में चार महीने के बाद विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले होने वाली हर मुलाकात को सियासी रंग दिया जा रहा है। तभी रविवार को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली राज्यपाल जगदीप धनकड़ से मिले तो कई तरह की अटकलें लगाई जाने गईं। हालांकि गांगुली ने कहा कि यह शिष्टाचार मुलाकात थी। राजभवन के सूत्रों ने भी कहा कि सौरव गांगुली निजी कारणों से राज्यपाल से मिलने पहुंचे थे। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी पिछले काफी समय से सौरव गांगुली को पार्टी में शामिल कराना चाहती है। बहरहाल, सौरव गांगुली रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे राज्यपाल से मिलने पहुंचे थे। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। राजभवन सूत्रों के मुताबिक सौरव निजी कारणों से मिलने पहुंचे थे, जिसका राजनीति से कोई सरोकार नहीं है। सौरव खुद भी कई बार कह चुके हैं कि उनकी फिलहाल राजनीति में आने की कोई योजना नहीं है। मुलाकात के बाद राज्यपाल ने ट्विट कर कहा– सौरव के साथ मेरी विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई। उन्होंने मुझे ईडन गार्डेंस स्टेडियम आने के लिए आमंत्रित किया है, जो कि १८६४ में निर्मित देश का सबसे पुराना क्रिकेट ग्राउंड है। भाजपा सौरव गांगुली को पार्टी में शामिल करने के लिए पूरा जोर लगा रही है ताकि बंगाल में 'दादा बनाम दीदी' की लड़ाई बनाई जा सके। सौरव के संबंध सभी पार्टियों से काफी अच्छे हैं। वे वामपंथी नेताओं के करीबी थी तो उनको बंगाल क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बनाने में ममता की भी भूमिका था। इसी तरह माना जाता है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ भी उनके अच्छे संबंध हैं। गौरतलब है कि सौरव बीसीसीआई के अध्यक्ष और अमित शाह के बेटे जय शाम बोर्ड के सचिव हैं।

## नीतीश ने आरसीपी को सौंपी की कमान

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी पार्टी जनता दल यू की कमान अपने करीबी नेता, राज्यसभा सांसद और पूर्व आईएएस अधिकारी रामचंद्र प्रसाद सिंह को सौंप दी है। आरसीपी सिंह के नाम से मशहूर रामचंद्र प्रसाद सिंह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नीतीश कुमार की जगह लेंगे। गौरतलब है कि शरद यादव के बाद नीतीश कुमार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। बहपहाल, पटना में जदयू की राष्ट्रीय परिषद की दो दिन की बैठक के दूसरे दिन रविवार को नीतीश कुमार ने आरसीपी सिंह के नाम का ऐलान किया। राष्ट्रीय परिषद की बैठक में नीतीश कुमार ने खुद आरसीपी सिंह के नाम का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि मैं दो पदों की जिम्मेदारी एक साथ नहीं संभाल सकता। नीतीश के प्रस्ताव पर परिषद् के सभी सदस्यों ने सहमति जताई। बैठक के बाद पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव केसी त्यागी ने कहा– नीतीश कुमार संख्या बल के नेता नहीं, बल्कि साख के नेता हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व और उनके आभामंडल को संख्या बल से जोड़ कर नहीं देखा जा सकता है। नीतीश कुमार की साख में तनिक भी कमी नहीं आई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कहा कि चुनाव के बाद उन्हें मुख्यमंत्री बनने की इच्छा नहीं थी। उन्होंने भाजपा नेतृत्व के सामने भी यह बात रखी थी कि वे मुख्यमंत्री बनना नहीं चाहते हैं। पर, भाजपा नेतृत्व इस पर राजी नहीं हुआ और उन पर मुख्यमंत्री बनने का दबाव डाला गया। बैठक से पहले जदयू महासचिव संजय झा ने कहा था कि बैठक में अरुणाचल के मुद्दे पर भी बात होगी। हालांकि, उसका असर बिहार में देखने को नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा– भाजपा से हमारा गठबंधन बिहार में है। राज्य के बाहर हम आमने–सामने लड़ते रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश में जदयू के सात विधायकों में से छह को तोड़ कर भाजपा में शामिल किए जाने के मुद्दे पर संजय झा ने कहा– अरुणाचल में हमारे विधायक सरकार को समर्थन दे रहे थे। इसके बाद भी उन्हें क्यों तोड़ा गया, ये मंथन का विषय है। उन्होंने दावा किया कि बिहार सरकार पांच साल तक चलेगी।

## मोदी के 'मन की बात' का किसानों ने थाली बजा कर किया विरोध

गाजीपुर बॉर्डर (नई दिल्ली/उप्र)। जब रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल २०२० की आखिरी 'मन की बात' कर रहे थे, तो उसी समय दिल्ली की सीमाओं पर कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसान थाली बजा रहे थे। गाजीपुर बॉर्डर पर किसानों ने मन की बात शुरू होते ही हाथों में ड्रम और थालियां लेकर बजाना शुरू कर दिया। किसानों का कहना है कि, मोदी जी के मन की बात का हम विरोध करते हैं। सरकार जब तक कानून वापस नहीं लेती, हम इसी तरह प्रधानमंत्री का विरोध करते रहेंगे। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रिय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने आईएएनएस से कहा कि, जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि कोरोना थाली बजाने से भागेगा, उसी तरह किसान भी थाली बजा रहें हैं ताकि कृषि कानूनों को भगाया जाए। उन्होंने आगे कहा कि, ये बस सरकार के लिए सुधार संकेत है कि सरकार जल्द सुधर जाए। २६ दिसंबर को हम सरकार के साथ मुलाकात करेंगे। वहीं नया साल सबके लिए शुभ हो और मोदी जी भी कानून वापस ले लें तो हम किसान भाइयों के लिए भी शुभ हो। दरअसल किसानों ने २६ दिसंबर को सरकार के साथ बातचीत करने का प्रस्ताव रखा है। वहीं इस वार्ता में ४ मुद्दों का एजेंडा भी तय किया गया है।

# अब राहुल पर मोदी का निशाना!

नई दिल्ली। ममता बनर्जी के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने जम्मू कश्मीर के लिए पीएम–जय सेहत योजना की शुरुआत करते हुए शनिवार को राहुल गांधी पर तंज किया। उन्होंने राहुल के हाल के एक बयान का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कहा कि जो लोग सुबह शाम लोकतंत्र



की बात करते हैं उन्होंने पुडुचेरी में पंचायत चुनाव नहीं होने दिए। गौरतलब है कि पिछले दिनों राहुल ने एक ट्विट में कहा था कि भारत में अब सिर्फ आभासी लोकतंत्र है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को जम्मू कश्मीर में पीएम–जय सेहत योजना की शुरुआत की। इस योजना में जम्मू–कश्मीर के सभी परिवारों को पांच लाख रुपए का हेल्थ इंश्योरेंस कवर मिलेगा। इस कार्यक्रम में उन्होंने कश्मीर में हाल में हुए डीडीसी चुनावों का हवाला देते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि देश में लोकतंत्र कितना मजबूर है।मोदी ने कश्मीर के स्थानीय चुनावों की चर्चा करते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा– दिल्ली में कुछ लोग मुझे सुबह शाम लोकतंत्र का पाठ पढ़ाते हैं। ये वही लोग हैं, जिनकी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद पुडुचेरी में पंचायत चुनाव नहीं होने दिए थे। दूसरी तरफ जम्मू–कश्मीर के यूनियन टेरेटरी बनने के एक साल में ही वहां पंचायती राज चुनाव हो गए। पीएम–जय सेहत योजना की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका कार्ड सिर्फ जम्मू कश्मीर के अस्पतालों तक सीमित नहीं रहेगा। देश में इस योजना के तहत जो हजारों अस्पताल जुड़े हैं, वहां भी ये सुविधा आपको मिल पाएगी। मान लीजिए कि मुंबई गए हैं और अचानक जरूरत पड़ी तो ये कार्ड आपको मुंबई में भी काम आएगा। चेन्नई में भी ये कार्ड काम आएगा। वहां के अस्पताल भी मुफ्त सेवा करेंगे। आप कोलकाता गए हैं, तो वहां मुश्किल होगी, क्योंकि वहां की सरकार आयुष्मान योजना से नहीं जुड़ी है। कुछ लोग होते हैं, क्या करें!

# परिवार को बंधक बनाकर 40 लाख की डकैती

मेरठ। मेरठ में पीवीएस रोड पर शास्त्रीनगर के एल ब्लाक में बेखौफ बदमाशों ने सर्राफ के घर ४० लाख का डाका डाला। परिवार को घर के अंदर करीब तीन घंटे तक बंधक बनाकर पिटाई की गई। जाते–जाते बदमाश परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल छीनकर बेड में रख गए। बदमाशों ने करीब तीन घंटे में पूरे घर को खंगाल दिया है। सुबह साढ़े पांच बजे बदमाश घर के मुख्य गेट से निकलकर कार में सवार होकर फरार हो गए। सूचना के बाद करीब २० मिनट बाद यूपी–१०० की गाड़ी पहुंची। डकैती की घटना के बाद भी नौचंदी पुलिस घंटों की देरी से मौके पर पहुंची।मूलरूप से बुलंदशहर के उल्हेडा निवासी तेजपाल सिंह वर्मा बीस साल पहले अपना गांव छोड़कर मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित शास्त्रीनगर एल ब्लाक मकान नंबर ११ में परिवार के साथ रहने लगे थे। पीवीएस रोड पर उनकी विष्णु ज्वैलर्स के नाम से दुकान थी। कोरोना संक्रमण के दौरान काम कम होने से किराए की दुकान को छोड़कर घर के ड्राईंग रूम को ही दुकान बना दिया था। हाल में दुकान पर तेजपाल सिंह और उनका बेटा कपिल बैठते थे। तेजपाल सिंह चारों बेटियों की शादी कर चुके है। दूसरा बेटा ललित नोएडा में नौकरी करता है। तेजपाल सिंह की पत्नी शशि वर्मा ने बताया कि रात ढाई बजे मकान की चौथी मंजिल पर बनी सीढ़ी की मोंटी को तोड़कर बदमाश अंदर प्रवेश कर गए। उन्होंने तीसरी मंजिल पर दरवाजे की कुंडी तोड़ी और घुस गए। उसके बाद सीढ़ी के द्वारा दूसरी मंजिल पर पहुंचे, जहां पर तेजपाल सिंह नींद ले रहे थे। बदमाशों ने तेजपाल को कब्जे में लेने के बाद उनकी पत्नी शशि और बेटे कपिल को गनप्वाइंट पर




ले लिया। तीनों को दूसरी मंजिल के बेडरूम में ले गए, जहां पर दुपट्टे से तीनों के हाथ बांध दिए। उसके बाद एक बदमाश ने तमंचा दिखकर कमरे में बंधक बनाया, जबकि तीन अन्य बदमाशों ने डेढ़ घंटे में पूरे घर को खंगाल दिया। उसके बाद तेजपाल को दूसरी मंजिल से दुकान में लेकर आ गए, जहां पर बेड में रखी दस लाख की रकम और दुकान के लकर में रखी ५५० ग्राम सोने की ज्वेलरी और छह किलो चांदी कब्जे में ले ली।उसके बाद तेजपाल को ऊपर छोड़कर कपिल को अपने साथ नीचे ले आए। कपिल के सामने पूजा घर से भी बदमाशों ने भगवान की मूर्ति उठा ली। दुकान का एक लकर नहीं खुला तो पूरे परिवार के साथ मारपीट की गई। बार बार जान से मारने की धमकी दी। करीब तीन घंटे बाद सुबह साढ़े पांच बजे बदमाश मुख्य गेट से पीवीएस रोड पर आकर कार में सवार होकर निकल गए। तेजपाल ने पड़ोस में रहने वाली उषा शर्मा को मामले की जानकारी दी। उनके मोबाइल से यूपी–११२ को कल कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। तब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों की तलाश की।सर्राफ के घर में हुई घटना के बाद स्थानीय पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम को लगा दिया है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से फिंगर प्रिंट उठा लिए है। पुलिस की चार टीमें बनाकर अलग अलग टास्क दिया गया। घटना में एसटीएफ की भी मदद ली जा रही है। उम्मीद है कि पुलिस जल्द ही वारदात का पर्दाफाश करेगी।– अजय साहनी, एसएसपी

# अमौसी एयरपोर्ट पर नए लाउंज का उद्घाटन

लखनऊ। राजधानी के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय अमौसी एयरपोर्ट पर शनिवार को नए लाउंज का उद्घाटन किया गया। अमौसी एयरपोर्ट के टर्मिनल–२ पर नए लाउंज खोला गया है जिसमें सातों दिन चौबीस घंटे हवाई यात्रियों की सुविधा मिलेगा। एयरपोर्ट के डायरेक्टर एसी होता ने बताया कि अभी तक टर्मिनल–२ पर बेहतर लाउंज नहीं होने से यात्रियों की शिकायत थी। यात्रियों की मांग पर नए लाउंज खोला गया। नया लाउंज एयरलाइंस– वॉक इन को पूरा करेगा।

# बेनीवाल ने भी छोड़ा एनडीए

नई दिल्ली। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के एक और घटक दल ने गठबंधन छोड़ने का ऐलान किया है। राजस्थान में भाजपा की सहयोगी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख और नागौर से लोकसभा सांसद हनुमान बेनीवाल ने एनडीए से अलग होने का ऐलान किया है। वे किसानों के आंदोलन में शामिल हुए हैं और कहा कि वे किसानों के विरोध में किसी के साथ खड़े नहीं हो सकते। वे पहले से घोषित योजना के मुताबिक शनिवार को वे अलवर के शाहजहांपुर–खेड़ा बॉर्डर पर पहुंचे, जहां किसान कई दिन से आंदोलन कर रहे हैं। वहीं पर उन्होंने एनडीए से अलग होने का ऐलान किया। इस पहले किसान आंदोलन का समर्थन करते हुए बेनीवाल ने १६ दिसंबर को संसद की तीन समितियों से भी इस्तीफा दे दिया था। हनुमान बेनीवाल लोकसभा चुनाव से पहले अप्रैल २०१६ में अपनी पार्टी आरएलपी के साथ एनडीए से जुड़े थे। भाजपा ने नागौर लोकसभा सीट उनके लिए छोड़ी थी। अब बेनीवाल ने कहा है– आज से भाजपा से एलायंस खत्म हो गया। किसानों के लिए जरूरत पड़ी तो सांसद पद से भी इस्तीफा दे दूंगा। यदि कानून



लाते वक्त संसद में होता, तो यह कागज फाड़ देता। बेनीवाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि रात को सभी किसान और उनके साथ आए लोग शाहजहांपुर–खेड़ा बॉर्डर पर ही रूकेंगे। वे यहां से तब तक नहीं जाएंगे, जब तक आगे की कोई रणनीति नहीं बन जाएगी। बेनीवाल और उनकी पार्टी के नेताओं ने लोगों से बातचीत कर आंदोलन की तैयारी का जायजा भी लिया।

# फैला वायरस का नया स्ट्रेन

नई दिल्ली। ब्रिटेन में मिले कोरोना वायरस का नया स्ट्रेन अब दुनिया के कई देशों में फैल गया है। तमाम ऐहतियात के बावजूद कोरोना वायरस का यह नया स्ट्रेन ब्रिटेन से बाहर कम से दो यूरोपीय देशों में पहुंच गया है। स्पेन में चार और फ्रांस में एक केस इस नए स्ट्रेन का मिला है। इसके अलावा जापान में इस स्ट्रेन के पांच केस मिले हैं। ब्रिटेन में मिला यह नया स्ट्रेन पुराने वायरस के मुकाबले ७० फीसदी ज्यादा तेजी से फैलता है और इसके बारे में कहा जा रहा है कि यह बच्चों को भी संक्रमित कर रहा है। इस वायरस का स्ट्रेन दक्षिण अफ्रीका और नाइजीरिया में भी मिला है। इस बीच दुनिया भर में कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या में आठ करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है। भारतीय समय के मुताबिक शनिवार को रात नौ बजे तक पिछले २४ घंटे में दुनिया में कोरोना संक्रमितों के रोजाना के आंकड़े में बड़ी गिरावट आई। दुनिया में चार लाख से कुछ ज्यादा केसेज आए, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या का आंकड़ा आठ करोड़ तीन लाख से ज्यादा हो गया। पिछले कई दिनों से हर दिन संक्रमितों की संख्या पांच से सात लाख के बीच आ रही थी। शनिवार को मरने वालों का संख्या में भी कमी आई। रात नौ बजे तक पिछले २४ घंटे में सात हजार लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या १७ लाख ५६ हजार से ज्यादा हो गई। दुनिया में सबसे ज्यादा संक्रमित देश अमेरिका में भी संक्रमितों की संख्या में कमी आई। कई दिनों के बाद अमेरिका में संक्रमितों की संख्या एक लाख के करीब रही। भारतीय समय के मुताबिक शनिवार को रात नौ बजे तक पिछले २४ घंटे में ६७ हजार के करीब संक्रमित मिले, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर एक करोड़ ६२ लाख १३ हजार से ज्यादा हो गई। अमेरिका में शनिवार को रात नौ बजे तक १,२१३ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या तीन लाख ३८ हजार २६४ हो गई। दुनिया में दूसरे सबसे ज्यादा संक्रमित देश ब्राजील में शनिवार को तीन दिन के बाद संक्रमितों की संख्या में बड़ी कमी आई। भारतीय समय के मुताबिक शनिवार को रात नौ बजे तक ब्राजील में २३ हजार के करीब नए केसेज आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर ७४ लाख ४८ हजार से ज्यादा हो गई थी। ब्राजील में शनिवार को रात नौ बजे ४८३ लोगों के मरने वालों की खबर आई, जिसके बाद मरने वालों संख्या एक लाख ९० हजार ५१५ हो गई थी। दुनिया में चौथे सबसे ज्यादा संक्रमित देश रूस में संक्रमितों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। शनिवार को संक्रमितों की संख्या लगातार दूसरे दिन २६ हजार से ऊपर रही। शनिवार को रूस में २६,२५८ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या ३० लाख २१ हजार से ऊपर पहुंच गई। रूस में मरने वालों की संख्या ५४,२२६ हो गई है। संक्रमितों के आंकड़े वर्ल्डमीटर्स की वेबसाइट की सूचना पर आधारित हैं।

# महिला अस्पताल में की जा रही अवैध वसूली पर अब तक कार्रवाई नहीं

## जिला महिला अस्पताल की सीएमएस पर डॉक्टर को बचाने का आरोप

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

लखीमपुर खीरी। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भले ही भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए लाख प्रयास किए हो लेकिन यहां के जनपद लखीमपुर खीरी में जिला महिला चिकित्साल के नसबंदी एवं गर्भपात केंद्र पर तैनात डॉ सुषमा सिंह के द्वारा लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है और गर्भपात नसबंदी कराने के लिए आने वाली महिलाओं से अवैध वसूली डक्टर के द्वारा की जा रही है।इसकी शिकायत अब शहर के एक पड़ोसी गांव के युवक ने सी एम पोर्टल पर की है लेकिन अभी तक शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई है।दिनांक १४ दिसंबर को एक युवक जिला महिला अस्पताल को गया था जहां पर नसबंदी केंद्र में तैनात डॉ सुषमा सिंह के द्वारा मरीज देखे जा रहे थे। युवक ने बताया कि डॉ सुषमा सिंह के द्वारा अपना रेट तय किया गया है। यदि किसी महिला को अपना गर्भ समापन कराना है तो डॉ उसकी फीस बताती है यदि उतने रुपये मरीज के तीमारदार दे देता है तो उसका काम होता है यदि कुछ कमी बताता है तो उसको अल्ट्रासाउंड रूम में भेज दिया जाता है और अधिक समय बताकर उसका काम नही किया जाता है। डॉक्टर सुषमा सिंह के इस काले कारनामे को और जानने के लिए जब अन्य महिलाओं से बात की गई तो सब हकीकत सामने आ गई। डॉ से जब उक्त युवक की बात हुई और पूछा कि यह किस प्रकार की फीस जमा की जाती है तो उनका कोई जबाब नहीं मिला और यह कहकर चली गई कि मुझे आपरेशन करने जाना है।इसके बाद फिर एक महिला के पास जाकर पूछा तो उसने बताया कि डॉ सुषमा सिंह के द्वारा कोई भी केस बिना रुपये लिए नहीं किया जाता है। एक हजार रुपये से लगाकर तीन हजार रुपए तक लिए जाते है।यह रुपये गर्भपात केंद्र के अन्दर डॉ लेती हैं जिससे कोई भी इनका रिकार्ड ना बनाने पाए।जिला महिला अस्पताल में अवैध वसूली का यह कोई पहला मामला नही है यहां पर ज्यादातर मामलों में अवैध वसूली किये जाने के आरोप लगते रहे हैं।इसके बाद जब दूसरी महिला से मामले की जानकारी की तो उसने बताया कि हमारे पहले से तीन बच्चें हैं और अब आज यहां आई थी जब डॉ सुषमा सिंह को दिखाया तो उन्होंने तीन हजार रुपयों की मांग की जब हमारे घर के परिजनों ने कुछ रुपये कम करने के लिए कहा तो डॉ ने पहले कहा कि पैसे कम नहीं होंगे जो कहा है उतने ही देंने होंगे। जब डॉ से यह पूछा गया कि यह किस चीज के पैसे जमा होते हैं तो उनका जबाब मिला कि आप पहले अल्ट्रासाउंड करवाकर लाओ तब बात करो इसके बाद जब उक्त महिला ने अपना अल्ट्रासाउंड कराया तो उसकी रिपोर्ट देखकर डॉ ने यह कह दिया कि आपका समय ज्यादा हो गया है मैं इसको नहीं कर सकती हूं। सबसे बड़ा सवाल अब यह आता है कि जब समय ज्यादा था तो डॉ ने पहले रुपयों की मांग किसलिए की थी।इससे साफ जाहिर होता है कि डॉ सुषमा सिंह के द्वारा गर्भपात केंद्र पर अवैध वसूली की जा रही है और जिला महिला अस्पताल की सीएमएस इस अवैध वसूली को देखकर भी अन्जान बानी हुई है। इस संबन्ध में जब डॉ सुषमा सिंह के नंबर पर फोन कर उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया गया तो उनका नंबर नहीं उठा।

# लाखों खर्च होने के बाद भी हजारों बच्चों को नहीं लग पाते टीके

## शहरी व ग्रामीण इलाकों में टीकाकरण के नाम पर हो रही लापरवाही

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

पलियाकलां खीरी। टीकाकरण पर लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद हर साल हजारों की संख्या में बच्चे वंचित रह जाते है। इनमें अधिकांश बच्चे शहरी व ग्रामीण इलाकों के हैं जो स्वास्थ्य महकमे की लापरवाही की भेंट चढ़ जातें हैं। टीकाकरण के मामले में बच्चों के पूर्ण टीकाकरण की जिम्मेदारी संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत आशाओं को सौंपी गई है। जो गांव–गांव जाकर टीकाकरण करने का जिम्मा है लेकिन जिस तरह से गांव में कई घर टीकाकरण से वंचित रह गए हैं उनमें स्वास्थ्य महकमा पर काफी सवाल खड़े हो रहे हैं। गांव के निवासियों ने बताया कि कई महीने बीत जाते हैं लेकिन टीकाकरण महिलाएं दिखाई तो पढ़ती हैं लेकिन घर–घर जाकर टीकाकरण लगाना उचित नहीं समझती यही हाल है कि बच्चों में रोग फैलने का डर बना रहता है। अगर बात करें गांव के भोले भाले लोगों की तो कम समझदार होने का फायदा स्वास्थ्य महकमे की तरफ से लगाई गई एनम व आशाओं को होता हो जाता है वही टीकाकरण पर हर साल दस से बीस लाख रुपए का खर्चा आता है। बावजूद इसके हर साल एक से दो हजार बच्चे वंचित रह जाते है। जानलेवा बीमारियों में टीबी से बचाव के लिए बीसीजी का टीका बच्चे के जन्म के तुरंत बाद लगाया जाता है। साथ ही पोलियो निरोधक खुराक भी दी जाती है। गलघोटू, कालीखांसी, टिटनेस, हेपेटाइटिस– बी से बचाव के लिए पेंटावेलेंट का टीका क्रमशः डेढ़, ढाई व साढ़े तीन महीने पर लगाए जाते हैं। खसरे से बचाव के लिए बच्चे को ६ महीने पर मीजल्स का टीका और इसके साथ ही विटामिन–ए की खुराक भी दी जाती है। इसी तरह बच्चे के १८ महीने का होने पर डीपीटी, पोलियो, मीजल्स की बूस्टर खुराक दी जाती है। एक हजार की आबादी पर एक आंगनबाड़ी केंद्र खोला गया है जहां महीने में एक बार टीकाकरण किया जाता है। इसी तरह पीएचसी और सब सेंटर्स पर प्रत्येक महीने का चौथा गुरुवार टीकाकरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। अस्पताल एवं सीएचसी पर रोजाना टीकाकरण किया जाता है। आमजन आशा सहयोगिनी एवं एएनएम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।


## दुधवा पहुंचे मंत्री से मिले रवि गुप्ता ने दिया ज्ञापन

पलियाकलां–खीरी। उत्तर प्रदेश सरकार कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह प्रस्तावित कार्यक्रम में दुधवा पहुंचे उनके आगमन पर पलिया नगर के भाजपा व्यापारी नेता समाजसेवी पलिया जिला बनाओ मंच के अध्यक्ष रवि गुप्ता पूरी टीम के साथ दुधवा पहुंचे व मंत्री से मिले और पलिया एयरपोर्ट चालू किए जाने की मांग का ज्ञापन पत्र संयुक्त रूप से सौंपा। जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि वह दुधवा को पर्यटन स्थल पर बढ़ावा देने के लिए ही वह दुधवा आए हैं पलिया क्षेत्रवासियों की मांग को जल्द पूरा कर पलिया हवाई अड्डा को जल्द से जल्द पर्यटक एवं आम जनमानस के लिए चालू कराने का प्रयास करेंगे अगर सब कुछ ठीक रहा तो आने वाले वर्ष २०२१ में पलिया एयरपोर्ट पर्यटकों एवं आम नागरिकों के लिए चालू कर दिया जाएगा, इस अवसर पर कायस्थ महासभा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वाणी के मंत्री एस के श्रीवास्तव गुन्नू बाबू, भाजयुमो जिला महामंत्री विकास गुप्ता ,वीरेंद्र कुमार मोनू ,आदि लोग संयुक्त रूप से टीम में शामिल रहे।

# अद्भुत मंदिर : सोने का मंदिर

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

यदि आपके सामने स्व र्ण मंदिर का जिक्र छिड़े तो जेहन में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की ही याद आती है. कम ही लोगों को पता होगा कि दक्षिण भारत का स्वंर्ण मंदिर भी बहुत भव्य और आकर्षक है. यह मंदिर तमिलनाडु राज्यक के वेल्लोभर नगर में मलाईकोड़ी की पहाडियों पर बसा हुआ है. यह महालक्ष्मीन मंदिर है जो कि स्वयर्ण मंदिर भी कहा जाता है. इसके निर्माण में बहुत बड़ी मात्रा में सोने का इस्तेरमाल हुआ है. बताया जाता है कि यह १५ हजार किलो सोने से तैयार किया गया है. रोज सुबह ४ से ८ बजे तक यहां पूजन अभिषेक किया जाता है. उसके बाद यह दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया जाता है जो रात ८ बजे तक खुला रहता है. मंदिर का परिसर भी आकर्षक है. इसे किसी सितारे की भांति बनाया गया है. क्षेत्रफल भी सौ एकड़ से अधिक है. इस पूरी जगह में हरियाली की भरमार है. यह मंदिर एक दशक पहले बनाया गया था. जहां तक अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की बात है, वहां केवल ७५० किलो स्वंर्ण की छतरी बनी है, जबकि उसकी तुलना में यहां १५ हजार किलो सोना लगाया गया है. यह मंदिर स्थाानीय भक्तों की श्रद्धा का मुख्यं केंद्र है. सोने की चमक के कारण रात के समय यह मंदिर अत्यैंत खूबसूरत नजर आता है. इस मंदिर को बनाने में ३०० करोड़ रुपए से अधिक राशि की लागत आई थी. मंदिर के परिसर में ही एक सरोवर भी बना हुआ है. बड़े पैमाने पर ७ साल तक चले कार्य के बाद करीब पांच सौ मजदूरों से इसे बनाया था.।






# स्कूलों में मनेगा साहिबजादा दिवस : सीएम योगी

लखनऊ। सिख समाज को भक्ति, शक्ति, पुरुषार्थ और परिश्रम में अग्रणी बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री आवास पर साहिबजादा दिवस मनाने की पहल की है। गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों और माता गुजरी जी को नमन करते हुए सीएम योगी ने घोषणा की है कि अब प्रदेश के हर स्कूल में प्रतिवर्ष साहिबजादा दिवस मनाया जाएगा। साथ ही, सिख गुरुओं का इतिहास पाठ्यक्रम में भी शामिल किया जाएगा।मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर रविवार को साहिबजादा दिवस पर आयोजित गुरुबाणी कीर्तन में सीएम योगी आदित्यनाथ समेत सरकार के अन्य मंत्री शामिल हुए। सीएम योगी ने कहा कि साहिबजादा दिवस सिख समाज और प्रदेशवासियों के लिए गौरव का दिन है। आज एक नया इतिहास बन रहा है। गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों सुपुत्रों– साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह




को सामूहिक रूप से साहिबजादा के तौर पर संबोधित किया जाता है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने पुत्रों को समर्पित करते हुए दुखी न होकर पूरे उत्साह के साथ कहा था कि चार नहीं तो क्या हुआ, जीवित कई हजार। सिख गुरुओं ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया, जिसे देश सदैव याद रखेगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरुबाणी कीर्तन हम सबको देश और धर्म के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देता है। इतिहास को विस्मृत करके कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। सिख इतिहास पढने पर पता चलता है कि विदेशी आक्रांताओं ने जब भारत के धर्म और संस्ेति को नष्ट करने, भारत के वैभव को पूरी तरह समाप्त करने को एकमात्र लक्ष्य बना लिया था, तब गुरु नानक जी ने भक्ति के माध्यम से अभियान शुरू किया और कीर्तन उसका आधार बना।इस अवसर पर सीएम योगी ने घोषणा की कि प्रत्येक वर्ष २७ दिसंबर को सभी स्कूलों में साहिबजादा दिवस मनाया जाएगा। इस दिन स्कूलों में सिख गुरुओं की शहादत पर केंद्रित वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सिख गुरुओं के इतिहास को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री को सरोपा और स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। उन्होंने मंत्रियों और सिख समाज के प्रमुख संतों के साथ बैठकर लंगर में प्रसाद भी ग्रहण किया।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सिख समाज ने धर्म और राष्ट्र की रक्षा की जो लड़ाई लड़ी, वह अविस्मरणीय है। उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि सिख समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली है। जल शक्ति राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने भी विचार रखे। इस अवसर पर औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना, विधि मंत्री बृजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह, महिला कल्याण राज्यमंत्री स्वाती सिंह, लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

## दूल्हा ऑन सेल को लेकर रोमांचित है गुंजन पंत

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा की जानी मानी अभिनेत्री गुंजन पंत अपनी आने वाली फिल्म दूल्हा ऑन सेल को लेकर रोमांचित है। गुंजन पंत फिल्म 'दूल्हा ऑन सेल' में काम करेंगे। गुंजन अपनी इस अपकमिंग फिल्म 'दूल्हा ऑन सेल' को लेकर बेहद रोमांचित है। गुंजन पंत ने कहा, "यह अपने आप में एक अलग तरह की फिल्म है। इसका कंसेप्ट



कर रही है। यह फिल्म निलाभ तिवारी फिल्म्स के बैनर तले बीफरयू मोशन पिक्चर्स के एसोसिएशन से बनने वाली है। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और निलाभ तिवारी हैं, जबकि फिल्म को संजय श्रीवास्तव निर्देशित

भी शानदार है। स्टोरी मजेदार है। और मेरा किरदार भी इस फिल्म में बेहतरीन होने वाला है। यही वजह है कि आज मैं इस फिल्म्म में हूं। मुझे लगता है कि यह फिल्म जब रिलीज होगी, दर्शकों को खूब पसंद आने वाली है।

## राधेः योर मोस्ट वांटेड भाई में जैकी श्रॉफ बनेंगे वरिष्ठ अधिकारी

मुंबई। बॉलीवुड के स्टाइलिश अभिनेता जैकी श्रॉफ आने वाली फिल्म राधे : योर मोस्ट वांटेड भाई में वरिष्ठ अधिकारी का किरदार निभाते नजर आयेंगे। जैकी श्रॉफ ने फिल्म 'भारत' में सलमान खान के पिता का किरदार निभाया था। जैकी अब फिल्म राधे : योर मोस्ट वांटेड भाई में वरिष्ठ अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में सलमान जैकी श्रॉफ से सलाह लेते हुए नजर आएंगे। दोनों ने सोशल मीडिया पर शूटिंग के दौरान की एक फोटो शेयर की है जिसमें दोनों बेहद खुश नजर आ रहे हैं। फिल्म के कुछ हिस्से कोरोना वायरस लॉकडाउन के बाद शूट किए गए हैं और जैकी श्रॉफ की सेहत को लेकर सलमान खान परेशान थे और चाहते थे कि जैकी के सीन को जल्दी से शूट कर लिया जाए। फिल्म में जैकी के सीन को मुंबई के एक स्टूडियों में फिल्माया गया है। कुछ दिनों पहले सलमान खान की फिल्म के आखिरी बचे शेड्यूल को पूरा कर लिया गया है। फिल्म की शूटिंग



पूरी होने की जानकारी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो के माध्यम से शेयर कर दी। प्रभुदेवा निर्देशित फिल्म राधेः योर मोस्टवाटेंड भाई में सलमान खान के साथ दिशा पाटनी, रणदीप हुड्डा और जरीना वहाब की भी अहम भूमिका है। यह फिल्म वर्ष २०२१ में ईद के मौके पर रिलीज हो सकती है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com


सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

## आईसीसी की इस दशक की टेस्ट टीम के कप्तान बने कोहली

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान विराट कोहली को आईसीसी ने इस दशक की अपनी टेस्ट टीम का कप्तान चुना है। कोहली के अलावा इस टीम में भारत से सिर्फ रविचंद्रन अश्विन ही है। टेस्ट क्रिकेट के दो महान बल्लेबाज एलिस्टर कुक और कुमार संगाकारा को इस टीम में जगह मिली है। कुक को आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर के साथ बतौर सलामी बल्लेबाज चुना है जबकि पूर्व श्रीलंकाई कप्तान संगाकारा को बतौर विकेटकीपर। तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के मौजूदा कप्तान केन विलियम्सन को चुना है। चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर कोहली, स्टीव स्मिथ, संगकारा हैं। बेन स्टोक्स बतौर हरफनमौला खिलाड़ी टीम में आए हैं। अश्विन के रूप में टीम में सिर्फ एक स्पिनर हैं। तेज गेंदबाजी का जिम्मा दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन, इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ड ब्रड पर है। आईसीसी की इस दशक की टेस्ट टीम रू विराट कोहली (कप्तान), एलिस्टर कुक, डेविड वार्नर, केन विलियम्सन, स्टीव स्मिथ, कुमार संगाकारा (विकेटकीपर), बेन स्टोक्स, रविचंद्रन अश्विन, डेल स्टेन, स्टुअर्ड ब्रॉड, जेम्स एंडरसन।

## ओटीटी पर डेब्यू करेंगे ऋतिक रौशन!

मुंबई। बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रौशन ओटीटी (ओवर द टॉप) प्लेटफर्म पर डेब्यू कर सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि ऋतिक



ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। वह हॉलीवुड टीवी सीरीज द नाइट मैनेजर के हिंदी संस्करण में नजर आने वाले हैं। चर्चा है कि ऋतिक रौशन ने इस खास प्रोजेक्ट के लिए हामी भर दी है और वे अगले साल मार्च में इस पर काम शुरू कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि ऋतिक ने इस प्रोजेक्ट के लिये ७५ करोड़ रुपये मांगे हैं। बताया जा रहा है कि ऋतिक इस प्रोजेक्ट में भारतीय सेना के पूर्व सैनिक का रोल प्ले करेंगे, जिसे एक होटल का मैनेजर बना दिया जाता है। सीरीज में ऋतिक, सरकार के एक एंजेंट के तौर पर काम करेंगे। उन्हें एक बड़ा सीक्रेट मिशन दिया गया है जिसके जरिए वे कोई बड़ा भंडाफोड़ करते दिख जाएंगे।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक